Bareilly, Monday,
12 February 2024
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण
inext

PAGE NO. 04 : MIDDLE

भरतनाट्यम के भावों का मनमोहन प्रदर्शन

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (11 Feb): एसआरएमएस रिद्धिमा में संडे को तमिलनाडु के देवदासी नृत्य को भरतनाट्यम के जरिए प्रदर्शित किया गया. कार्यक्रम का आरंभ भरतनाट्यम के स्टूडेंट्स आद्या कबरा, भाव्या बिंदल, काव्या रस्तोगी, सताक्षी, मायराश्री, पारया, आर्या गुप्ता, संस्कृति और चिरान्य गौतम ने भरतनाट्यम के विभिन्न भावों से गणेश जी को पुष्पांजलि अर्पित की. स्टूडेंट्स ने अलारिपुन (तमिल शब्द), जतिस्वरम (नृत्य का विशुद्ध रूप), शब्दम और वर्णम पर भी अपनी नृत्य प्रतिभा को प्रदर्शित किया. भरतनाट्यम गुरु अंबाली प्रहराज और रोबिन ए भी स्टूडेंट्स को प्रोत्साहित करने मंच पर आए. दोनों ने मीरा के भजनों को भरतनाट्यम के भावों से प्रदर्शित किया. एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति आदि रहे.